# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 17.07.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, आज, हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, भारत एकता टाइम्स, ज्ञानशिखा टाइम्स,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 17.07.2025

# कैबिनेट मंत्री ने किया पार्क का लोकार्पण

वाराणसी। लालपुर में ए एम टू पीएम पार्क का लोकार्पण बुधवार को कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने किया। वाराणसी को एक समावेशी, आधुनिक और हरित सार्वजनिक स्थल मिला। वीडीए की ओर से अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा रहे। मंत्री ने कहा कि पार्क का कुल क्षेत्रफल 1634.15 वर्गमीटर है। इसका निर्माण पूर्ण हो चुका है। ए एम टू पीएम नाम दिन भर-सुबह की सैर से लेकर रात्रिकालीन विश्राम तक हर क्षण उपयोग योग्य रहे। ओपन जिम, योग क्षेत्र व विश्राम स्थान, सिंथेटिक फ्लोरिंग युक्त स्केटिंग ट्रैक, बैडमिंटन कोर्ट, एंफीथियेटर (खुला मंच), सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए हैं। ब्यूरो



कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर और अन्य। संवाद

### अमर उजाला–दि0 17.07.2025

# मुगलसराय में 2500 वर्ग मीटर में अवैध निर्माण किया सील

वाराणसी। वीडीए की ओर से बुधवार को मुगलसराय में अवैध निर्माण सील किया गया। मुगलसराय के हिसामुद्दीन की ओर से अलीनगर में 2500 वर्गमीटर में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। पूर्व में नोटिस दिया गया था, बावजूद चोरी छिपे काम कराया जा रहा था। मौके पर सील की कार्रवाई कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। इस दौरान जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अशोक यादव रहे।

उधर, वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने बुधवार को जोन तीन के दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक, कोतवाली, जोन चार के भेलूपुर, नगवां और जोन पांच के रामनगर, मुगलसराय के कार्यों की समीक्षा की। कहा कि अनधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल, डीजल, सीएनजी फिलिंग स्टेशनों के खिलाफ कार्रवाई करें। टॉप-10 बकायेदारों पर कार्रवाई करें। उन्होंने सभी जोनल अधिकारी और अवर अभियंता को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रत्येक सप्ताह में अवैध प्लॉटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करें। सप्ताह में अवैध निर्माण के विरुद्ध मौके पर कम से कम एक अवैध निर्माण, भवन को ध्वस्त कराएं। जमा शमन मानचित्र, स्वीकृत शमन मानचित्र, तावान, शमन शुल्क की वसूली, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों पर असंतुष्ट प्रतिक्रिया पर कार्य करने को कहा। अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण करने को कहा। ब्यूरो



सील की गई इमारत। स्रोत : स्वयं

## आज–दि0 17.07.2025

### लालपुर पार्कका मंत्रीने किया लोकार्पण

विकास प्राधिकरणके लालपुरमें स्थित एएमटूपीएम पार्कका लोकार्पण श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभरने किया। यह पार्क नागरिकोंको नया हरित एवं सुसज्जित स्थान प्रदान करेगा। इस पार्कमें हरित डिजाइन एवं समावेसितापर विशेष ध्यान दिया गया है। इसमें नागरिकोंके लिए ओपन जिम, योग क्षेत्र, सिंथेटिक क्लोरिंगयुक्त स्केटिंग ट्रैक, बैडमिंटन कोडके अलावा खुला मंच और आकर्षण शेल्पी प्वाइंट, जहांपर लोग अपने यादोंको कैमरेमें बन्द कर सकते हैं। लोकार्पण कार्यमें विप्राके अपर सचिव डाक्टर गुडाकेस शर्मा, अधिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्माके अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## आज–दि0 17.07.2025

### नवनिर्मित भवन हुआ सील

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर मुगलसराय वार्डके निवासी हिसामुद्दीन खानने बिना विभागसे मानचित्र पास कराये भवनका निर्माण करा रहे थे। शिकायतके आधारपर भवन स्वामीको कार्य रोकनेकी नोटिस गयी थी। लेकिन उन्होंने चोरी-छिपे रात्रिमें निर्माण कार्य करानेका काम जारी रखा। मौकेपर पहुंचे जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता अशोक यादव, क्षेत्रीय सुपरवाइजर और पुलिसकी देखरेखमें प्रवर्तन दलने भवनको सील कर दिया। जोनल अधिकारीके निर्देशपर अवर अभियन्ताने निकतम थानेकी अभिरक्षामें भवनको सौंप दिया।

## हिन्दुस्तान–दि0 17.07.2025

### 'एएम टु पीएम' में सुबह सैर, रात्रि में विश्राम

#### पार्क तैयार

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से लालपुर में विकसित 'एएम टु पीएम' पार्क बनकर तैयार हो गया है। पार्क न केवल नागरिकों के लिए एक नया हरित और सुसज्जित स्थान प्रदान करता है, बल्कि समावेशिता, सतता और आधुनिकता के समन्वय का एक जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। पार्क का कुल क्षेत्रफल 1634.15 वर्गमीटर है। पार्क को 'एएम टु पीएम' नाम इसलिए दिया गया है कि यह सुबह की सैर से लेकर रात्रिकालीन विश्राम तक हर क्षण उपयोग योग्य रहेगा। पार्क में स्थापित सुनियोजित लाइटिंग सिस्टम रात में भी उपयोग के योग्य बनाती है। बुधवार को मंत्री अनिल राजभर ने इसका लोकार्पण किया। इस अवसर पर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, एक्सईएन अरविन्द शर्मा आदि थे।



वीडीए की ओर से लालपुर में विकसित 'एएम टु पीएम' पार्क। • हिन्दुस्तान

#### वर्षा जल के धरती में पुनः समावेश को बढ़ावा

पार्क में टेराकोटा ग्रास पेवर्स का उपयोग कर वर्षा जल के धरती में पुनः समावेश को बढ़ावा दिया गया है। स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण और स्वचालित सिंचाई प्रणाली इसे एक पर्यावरण-अनुकूल ग्रीन स्पेस बनाते हैं।

#### समावेशिता पर विशेष ध्यान


पहली बार दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष झूलों की व्यवस्था की गई है। बच्चों के लिए टनल, गेम पैनल्स और '[illegible]' जैसे रचनात्मक गतिविधियों को भी रेलिंग डिजाइन में एकीकृत किया गया है।

#### आधुनिक सुविधाएं

ओपन जिम, योग क्षेत्र और टेन्साइल कैनोपी के नीचे विश्राम-स्थान, सिंथेटिक फ्लोरिंग युक्त स्केटिंग ट्रैक, बैडमिंटन कोर्ट, एम्फीथियेटर (खुला मंच), आकर्षक सेल्फी पॉइंट।

## दैनिक जागरण–दि0 17.07.2025

### बनारस को मिला 'एएम टू पीएम पार्क'




लालपुर में विकसित एएम टू पीएम पार्क • जागरण

जासं., वाराणसीः वीडीए द्वारा लालपुर में विकसित "एएम टू पीएम पार्क" का बुधवार को श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने लोकार्पण किया। कहा, पार्क को "एएम टू पीएम' नाम इस विचार के साथ दिया गया है कि यह दिन भर यानी सुबह की सैर से लेकर रात्रिकालीन विश्राम तक हर क्षण उपयोग योग्य रहे। पार्क में स्थापित सुनियोजित लाइटिंग सिस्टम इसे रात में भी उपयोग के योग्य बनाएगा। इससे यह आमजन के लिए सचमुच 'सुबह से शाम तक' खुला एक सजीव स्थान बना रहेगा।

अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा व अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा ने बताया कि पार्क में हरियाली व आधुनिकता का समावेश किया गया है। इसे 1634.15 वर्गमीटर में आकार दिया गया है। टेराकोटा ग्रास पेवर्स का उपयोग कर वर्षा जल के धरती में पुनः समावेश को बढ़ावा दिया गया है।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 17.07.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ने की समीक्षा बैठक


वाराणसी। विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 07.07.2025 से 13.07.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 18277.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-2,39,41,065.00 एवं जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा एवं विन्यास में विगत दिनांक 07.07.2025 से 13.07.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 5,15,000.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2025-26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-1,36,64,885.00 जमा कराया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया।

सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौपें गये कार्यो के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी, शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, रोहित कुमार व भवन लिपिक श्रीमती किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकारी, प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता, विनोद कुमार, श्रीमती वर्तिका दुबे व लिपिक, विनोद कुमार यादव एवं फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।



भारत एकता टाइम्स–दि0 17.07.2025

## वीडीए ने पेट्रोल पंप किया सील



**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण ने बुधवार को मुगलसराय के अलीनगर में पेट्रोल पंप पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने के साथ ही उसे सील कर दिया। वीडीए से अनुमति लिए बिना निर्माण पर पूर्व में नोटिस भी जारी हुई थी। जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश ने बताया कि अलीनगर थाना क्षेत्र के मुगलचक में हिसामुद्दीन खान 2500 स्क्वायर मीटर में पेट्रोल पंप के साथ कमरों को निर्माण करा रहे थे। वीडीए से कोई नक्शा नहीं पास था। वीडीए ने हिसामुद्दीन को नोटिस थमाई थी। जोनल अधिकारी ने बताया कि हिसामुद्दीन रात में चोरी छिपे निर्माण कराते थे। जानकारी होने पर वीडीए की टीम मौके पर पहुंची पूर्व में नोटिस के दौरान ली गई तस्वीर, वीडियो से संपत्ति का मिलान हुआ। पाया गया कि नोटिस के बाद निर्माण हुआ है जिसपर वीडीए ने पेट्रोल पंप पर मौजूद ऑफिस और कमरे को सील कर दिया।